# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

# FREQUENTLY ASKED QUESTIONS (FAQs)










टीचर्स ऑफ बिहार से संबंधित संपूर्ण जानकारी, हर सवाल का जवाब एवं इससे संबंधित संपूर्ण समस्याओं का समाधान

teachersofbihar@gmail.com teachersofbihar.org @teachersofbihar

**1. प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार' क्या है?**

उत्तर:- 'टीचर्स ऑफ बिहार' शिक्षकों का शिक्षकों के लिए एवं शिक्षकों के द्वारा बनाया गया बिहार का एक सबसे बड़ा प्रोफेशनल लर्निंग कम्यूनिटी (PLC) है जो बिहार के सरकारी विद्यालाओं के लिए कार्य करती है। यह बिहार के सरकारी शिक्षकों को जोड़ने, सहयोग करने और उनकी क्षमता वर्धन करने का काम करती है।

**2. प्रश्न:- टीचर्स ऑफ बिहार की स्थापना कब हुई?**

उत्तर:- इसकी स्थापना 20 जनवरी 2019 को हुई थी। इस दिन बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक श्री संजय कुमार (आईएएस) एवं अन्य 200 गणमान अतिथियों के द्वारा होटल चाणक्य में इसकी आधिकारिक घोषणा की गई थी।

**प्रश्न:- टीचर्स ऑफ बिहार के निर्माण का उद्देश्य क्या है?**

उत्तर:- इसका उदेश्य बिहार के सरकारी विद्यालयों में हो रहे नवाचारों एवं शिक्षकों द्वारा किए जा प्रयोगों एवं नवमेष  को सुरक्षित करना एवं जन-जन तक फैलाना है।

**प्रश्न:- क्या यह कोई एनजीओ/संगठन/संघ है ?**

उत्तर:- नहीं, टीचर्स ऑफ बिहार किसी प्रकार का कोई एनजीओ/संगठन/संघ नहीं है। यह एक प्रोफेशनल लर्निंग कम्यूनिटी (PLC) है।

**प्रश्न:- टीचर्स ऑफ बिहार की आवश्यकता क्यूँ ?**

उत्तर:- बिहार को एक ऐसे समूह की आवश्यकता थी जो शिक्षकों के कर्तव्यों की बात करे उनके सकारात्मक कार्यों की चर्चा करे एवं पूरे देश में एक संदेश दे की बिहार शिक्षा का मशाल लिए सबसे आगे है। एक ऐसा समूह जो शिक्षकों के क्षमतावर्धन पर कार्य करे, हाथ से हाथ मिल कर पूरे देश में बिहार के शिक्षकों के कार्यों को फैला सके।

Teachers of Bihar

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार' किस सिद्धांत पर कार्य करती है?**

उत्तर:- यह 'स्वांतः सुखाय' के सिद्धांत पर कार्य करती है जहां शिक्षक किसी को दिखने या प्रशंसा पाने के लिए नहीं वरन खुद की खुशी के लिए कार्य करते है, यहाँ शिक्षक किसी सम्मान के लिए नहीं कार्य करते वरन अपने कार्यों को कर अपनी पीठ खुद थप-थपाते हैं।

**प्रश्न:- क्या टीचर्स ऑफ बिहार सिर्फ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों के लिए है?**

उत्तर:- नहीं, यह सभी प्रकार के विद्यालयों जैसे उच्च प्राथमिक/ माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षकों के लिए कार्य करती है।

**प्रश्न:- इसके विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिहार के लगभग कितने शिक्षक जुड़े हुए हैं?**

उत्तर:- बिहार से लगभग 150000+ (एक लाख पचास हजार से अधिक) शिक्षक जुड़ें हुए हैं।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया मीडिया प्लेटफॉर्म से आसानी से कैसे जुड़ा जा सकता है?**

उत्तर:- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षिक बेहतरी के लिए शिक्षक, सरकार और शिक्षा से जुड़े तमाम हिताधिकारियों के द्वारा अनेकानेक प्रयास किये जा रहे हैं। विशेष रूप से शिक्षकों के द्वारा अनेक पहल, हस्तक्षेप और नवाचार किये जा रहे हैं। Teachers of Bihar एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े सभी लोगो के द्वारा किये जा रहे शैक्षिक प्रयासों को साझा करने, नवाचारों से सीखने और लागू करने का अवसर और पहचान प्रदान करता है। Teachers of Bihar शिक्षको द्वारा, शिक्षकों के लिए, शिक्षकों का एक ऐसा अभिनव मंच है जो आपके सार्थक प्रयासों को पहचान और दिशा प्रदान करते हुए आपको और सभी को गौरवान्वित होने का अनेकानेक अवसर उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है। आइए जुड़िए और अपना योगदान दीजिये एक बेहतर, समृद्ध और शैक्षिक रूप से समुन्नत बिहार के नव निर्माण में .....

टीचर्स ऑफ़ बिहार के विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए नीचे देखें 👇🏻

Teachers of Bihar

1. टीचर्स ऑफ बिहार वेबसाइट-

http://www.teachersofbihar.org

2. टीचर्स ऑफ बिहार फेसबुक पेज

https://www.facebook.com/teachersofbihar

3. टीचर्स ऑफ बिहार फेसबुक ग्रुप

https://www.facebook.com/groups/teachersofbihar

4. टीचर्स ऑफ बिहार यूट्यूब चैनल

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

5. टीचर्स ऑफ़ बिहार इंस्टाग्राम

https://instagram.com/teachersofbihar

6. टीचर्स ऑफ बिहार ट्विटर

https://twitter.com/teachersofbihar

7. टीचर्स ऑफ बिहार ब्लॉग

https://teachersofbihar.blogspot.com

8. टीचर्स ऑफ़ बिहार व्हाट्सएप

https://chat.whatsapp.com/ELgbSXBicnh9DFYEjkqmWb

9. टीचर्स ऑफ बिहार Telegram group

https://t.me/TeachersofBiharofficial

10. टीचर्स ऑफ बिहार Pininterest

https://in.pinterest.com/Teachersofbihar/

11. टीचर्स ऑफ बिहार LinkedIn

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

12. टीचर्स ऑफ बिहार के स्कूल ऑन मोबाइल (SoM) वेबसाइट

https://som.teachersofbihar.org

13. पद्य पंकज वेबसाइट (कविताओं का संसार)

https://padyapankaj.teachersofbihar.org/

14. गद्य गुंजन वेबसाइट(कहानियों की दुनिया)

Teachers of Bihar

https://gadyagunjan.teachersofbihar.org/

15. ToB कुटुम्ब ऐप

https://kutumb.app/teachers-of-bihar?ref=RUC1I

16. ToB Koo ऐप

https://www.kooapp.com/profile/teachersofbihar

17. ToB School on mobile Facebook ग्रुप

https://www.facebook.com/groups/238842044593684/

18. ToB शिक्षाश्रुति पॉडकास्ट चैनल

https://anchor.fm/teachers-of-bihar

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की टीम संरचना किस प्रकार की है?**

उत्तर:- टीम संरचना निम्न है:-

1. राज्य- लीडर्स/मॉडरेटर्स/ अन्य राज्य टीम
2. जिला – डिस्ट्रिक्ट मेन्टर्स/को-डिस्ट्रिक्ट मेन्टर्स
3. प्रखण्ड- ब्लॉक मेन्टर्स
4. विद्यालय- सामान्य सदस्य

**प्रश्न:- वर्तमान में कितने जिलों में 'टीचर्स ऑफ बिहार'की टीम कार्य कर रही है?**

उत्तर:- वर्तमान में पूरे बिहार में कुल 34 जिलों में इसकी टीम कार्य कर रही है।

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार' में सिर्फ बिहार के शिक्षक शामिल हो सकते हैं?**

उत्तर:- नहीं, इस परिवार में पूरे भारत देश से शिक्षक सदस्य बन सकते हैं एवं शामिल हो सकते हैं।

**प्रश्न:- टीचर्स ऑफ बिहार किन-किन सरकारी संगठनों के साथ पार्टनर्स के रूप में कार्य करती है?**

Teachers of Bihar

उत्तर:- विगत चार सालों में टीचर्स ऑफ बिहार ने सिर्फ सरकारी संगठनों के साथ बतौर पार्टनर कार्य किया है। पार्टनर्स के रूप में नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैंनेजेमेंट(NIDM) गृह मंत्रालय भारत सरकार, NCERT नई दिल्ली, राष्ट्रीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद बिहार(SCERT), बिहार शिक्षा परियोजना परिषद(BEPC) एवं UNICEF बिहार शामिल हैं।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के बारे में विस्तृत जानकारी कैसे प्राप्त की जा सकती है?**

उत्तर:- विस्तृत जानकारी के लिए आप 'टीचर्स ऑफ बिहार' के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं वेबसाईट www.teachersofbihar.org विज़िट करें। इसके अलावा आप 7250818080 एवं 9650233010 पर व्हाट्सप्प एवं कॉल के माध्यम से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्न:- अब तक कितने ऑनलाइन इवेंट्स एवं कार्यक्रम टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा आयोजित किया गया है?**

उत्तर:- अब तक 'टीचर्स ऑफ बिहार' के द्वारा 56 लेट्स टॉक कार्यक्रम, 150 से भी अधिक ऑनलाइन इवेंट्स एवं शिक्षकों एवं बच्चों के लिए सैकड़ों कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'को बिहार के बच्चों एवं शिक्षकों के हित में कार्य करने के लिए क्या किसी सरकारी अथवा गैर-सरकारी संस्था से आर्थिक सहायता मिलती है?**

उत्तर:- नहीं, 'टीचर्स ऑफ बिहार' किसी भी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्था से किसी भी प्रकार का आर्थिक सहयोग नहीं लेता है।

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार' अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से धन संग्रहण का कार्य करती हैं?**

उत्तर:- नहीं, किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से धन संग्रहण का कार्य 'टीचर्स ऑफ बिहार' द्वारा नहीं किया जाता। 'टीचर्स ऑफ बिहार' का कोई भी चैनल मॉनिटाइज़ नहीं किया गया है।

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार' किसी संस्था या व्यक्ति से फंड या चन्दा लेती है?**

उत्तर:- नहीं, किसी संस्था या व्यक्ति से आज तक टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा चन्दा,फंड या डोनेशन नहीं लिया गया है और भविष्य में लेने की कोई योजना भी नहीं है।

Teachers of Bihar

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार' में समय दान देने वाले शिक्षकों को अलग से कोई पैसा या कुछ और दिया जाता है?**

उत्तर:- नहीं, यह एक एसी प्रोफेशनल लर्निंग कम्यूनिटी है जिसमे बिहार के शिक्षक सिर्फ अपना समय-दान देते हैं। समय-दान के बदले उन्हे किसी भी प्रकार का पैसा नहीं प्रदान किया जाता। इस नेक कार्य के बदले उन्हे सिर्फ मिलता है बिहार के शिक्षकों एवं बच्चों का प्यार और सम्मान।

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार' का यूट्यूब चैनल monetize है?**

उत्तर:- नहीं, 'टीचर्स ऑफ बिहार' का यूट्यूब चैनल मॉनिटाइज़ (monetize) नहीं है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के द्वारा आयोजित किसी भी गतिविधि को बिहार के प्रमुख प्रिंट मीडिया एवं ऑनलाइन न्यूज पोर्टल पर प्रमुखता से प्रकाशित की जाती है क्या इसे प्रकाशित करवाने के लिए 'टीचर्स ऑफ बिहार'के द्वारा अतिरिक्त राशि खर्च की जाती है?**

उत्तर:- नहीं, इसके लिए किसी भी प्रकार की राशि खर्च नहीं की जाती। समय-समय पर शिक्षकों एवं बच्चों के सकारात्मक कार्यों एवं गतिविधियों को प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक भेजने का कार्य 'टीचर्स ऑफ बिहार'के द्वारा किया जाता है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आयोजित ऑनलाइन लेट्स टॉक कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों को क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार'के द्वारा अतिरिक्त राशि खर्च करके उन्हें आमंत्रित किया जाता है?**

उत्तर:- नहीं, इसके लिए किसी प्रकार की राशि का खर्च नहीं किया जाता।

**प्रश्न:-'टीचर्स ऑफ बिहार'के वेबसाइट के मेंटेनेंस पर जो भी राशि खर्च होता है उसका वहन कौन करता है?**

उत्तर:- वेबसाईट के डोमेन एवं सर्वर में होने वाले खर्चे का वहन 'टीचर्स ऑफ बिहार' की इन्टर्नल टीम के द्वारा किया जाता है। शेष मेंटेनेंस एवं डेवलपमेंट का खर्च टेक्निकल टीम लीडर शिवेन्द्र सुमन द्वारा मुफ़्त में किया जाता है।

Teachers of Bihar

**प्रश्न:- एक शिक्षक अथवा विद्यार्थी 'टीचर्स ऑफ बिहार' पर क्यूँ पोस्ट करे। उदाहरण सहित बताएं।**

उत्तर:- बिहार शिक्षा में काफी कुछ नया और बेहतर कर रही है। बिहार के इन कार्यों को सुरक्षित करना और जन-जन तक ले जाना भी काफी महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में इन कार्यों को ले जाने का एक सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है। एक शिक्षक अथवा विद्यार्थी को अपने विद्यालय में हो रहे कार्यों को 'टीचर्स ऑफ बिहार' के सोशल मीडिया पर डालने पर निम्न कार्य आसान हो जाते हैं।

1. गतिविधियां/कार्य हमेशा के लिया विद्यालय और शिक्षक के नाम से सुरक्षित हो जाते हैं जिन्हे कभी भी कही भी देखा या भेजा जा सकता है।
2. बिना किसी अतिरिक्त खर्च किए बिना सोशल मीडिया के माध्यम से विश्व के कोने-कोने तक गतिविधियां/कार्यों को देखा जा सकता है।
3. मुफ़्त में डाक्यूमेन्टेशन हो जाता है।
4. नए IDEAS का सृजन होता है एवं किए हुए कार्य पर FEEDBACK भी प्राप्त होता है।
5. शिक्षक प्रोत्साहित होतें है एवं कुछ नया करने का जज्बा उनके अंदर आता है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के किस-किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिहार के शिक्षक स्वयं अपने पोस्टों को साझा कर सकते हैं?**

उत्तर:- निम्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिहार के शिक्षक स्वयं अपने पोस्टों को साझा कर सकते हैं?

1. टीचर्स ऑफ बिहार फेसबुक ग्रुप

https://www.facebook.com/groups/teachersofbihar

2. टीचर्स ऑफ बिहार ब्लॉग

https://teachersofbihar.blogspot.com

3. टीचर्स ऑफ बिहार Telegram group

https://t.me/TeachersofBiharofficial

4. टीचर्स ऑफ बिहार के स्कूल ऑन मोबाइल (SoM) वेबसाइट

https://som.teachersofbihar.org

5. पद्य पंकज वेबसाइट (कविताओं का संसार)

https://padyapankaj.teachersofbihar.org/

6. गद्य गुंजन वेबसाइट (कहानियों की दुनिया)

Teachers of Bihar

https://gadyagunjan.teachersofbihar.org/

7. ToB कुटुम्ब ऐप

https://kutumb.app/teachers-of-bihar

8. ToB School on mobile ग्रुप

https://www.tiniurl.com/schoolonmobile

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के किस-किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर केवल 'टीचर्स ऑफ बिहार'की टीम के मॉडरेटर ही बिहार के शिक्षकों की गतिविधि से संबंधित चिह्नित पोस्टों को साझा करते हैं?**

उत्तर:- फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम, ट्विटर, पिन्टरेस्ट,लिंकेडीन, ToB वेबसाईट प्लेटफॉर्म पर केवल 'टीचर्स ऑफ बिहार'की टीम के मॉडरेटर ही बिहार के शिक्षकों की गतिविधि से संबंधित चिह्नित पोस्टों को साझा करते हैं।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े शिक्षकों के पोस्टों को नियंत्रित कौन करते हैं?**

उत्तर:- टीचर्स ऑफ बिहार के प्रमुख पदों पर कार्य करने वाले लीडर्स/मॉडरेटर के रूप में बिहार के शिक्षक ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े शिक्षकों के पोस्टों को नियंत्रित करते हैं।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मॉडरेटर के रूप में कौन कार्य करते हैं?**

उत्तर:- वैसे सरकारी शिक्षक जिनके अंदर बिहार के शिक्षकों/बच्चों/विद्यालयों के लिए कुछ करने की लालसा/इच्छा होती है और जो निःस्वार्थ रूप से अपने राज्य के लिए समय का दान देने के लिए तैयार होतें हैं वही विशेष शिक्षक/ सोशल मीडिया के विशेषज्ञ शिक्षक मॉडरेटर के रूप में कार्य करते हैं।

Teachers of Bihar

**प्रश्नः- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शिक्षकों के किस प्रकार के पोस्टों को टीम के मॉडरेटर के द्वारा स्वीकृत किया जाता है?**

उत्तरः- सरकारी विद्यालयों में एवं सरकारी शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा होने वाले शैक्षणिक गतिविधियां, नवाचारों एवं सार्थक प्रयासों को स्वीकृत किया जाता है।

**प्रश्नः- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शिक्षकों के किस प्रकार के पोस्टों को टीम के मॉडरेटर के द्वारा अस्वीकृत किया जाता है?**

उत्तरः- शैक्षणिक सदप्रयासों के आलवे किसी भी अन्य प्रकार के धार्मिक,जातिगत, प्रशासनिक पत्र, भड़काऊ भाषण , गुड मॉर्निंग, गुड नाइट, किसी की भावनाओं को ठेस पहुचाने वाला पोस्ट एवं अन्य पोस्ट जिसका शिक्षण/अध्यापन से कोई लेना देना नहीं है को अस्वीकृत कर दिया जाता है। यूट्यूब लिंक को भी अस्वीकृत कर दिया जाता है।

**प्रश्नः- क्या किसी एनजीओ/संगठन एवं अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं के पोस्ट को स्वीकार किया जाता है?**

उत्तरः- नहीं, सरकारी संस्थाओं के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के एनजीओ/संगठन एवं अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं के पोस्ट को स्वीकार नहीं किया जाता है।

**प्रश्नः- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की पूरी टीम में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मॉडरेटर की क्या भूमिका है?**

उत्तरः- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मॉडरेटर विभिन्न सोशल मीडिया जैसे फेस्बूक,इंस्टाग्राम,ट्विटर,लिनकेडइन,कू, पिन्टरेस्ट एवं अन्य प्लेटफॉर्म के विशेषज्ञ होतें हैं जिनका कार्य टीचर्स ऑफ बिहार के पोस्टर्स, इवेंट्स, डॉक्युमेंट्स, के साथ साथ शिक्षकों एवं बच्चों के नवाचारों एवं गतिविधियों को मीडिया में डालना, अप्रूव अथवा डिक्लाइन करना होता हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मॉडरेटर समय-समय पर शिक्षकों एवं बच्चों को प्रोत्साहित भी करते हैं।

**प्रश्नः- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की पूरी टीम में डिस्ट्रिक्ट मेन्टर एवं ब्लॉक मेन्टर की क्या भूमिका है? इनके कार्य एवं दायित्व बताएं।**

उत्तरः- जिला स्तर पर टीचर्स ऑफ बिहार की गतिविधियों को संचालित करने की जिम्मेवारी डिस्ट्रिक्ट मेन्टर एवं प्रखण्ड स्तर पर ब्लॉक मेन्टर की होती है। डिस्ट्रिक्ट मेन्टर एवं ब्लॉक मेन्टर संबंधित जिले के शिक्षक होते हैं

Teachers of Bihar

जिनके अंदर नेतृत्व करने की क्षमता होती है और जो अपने जिले के लिए कुछ करने की तमन्ना रखते हैं। डिस्ट्रिक्ट मेन्टर के कार्य एवं दायित्व निम्नलिखित हैं:-

- अपने संबंधित जिले/प्रखण्ड के शिक्षकों की टीम तैयार कर उनको जिले के व्हाट्सप्प ग्रुप से जोड़ना
- टीचर्स ऑफ बिहार की समस्त गतिविधियों का जिले/प्रखण्ड में प्रचार प्रसार
- जिले/प्रखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालयों की सूची तैयार कर उनको ToB से जोड़ना
- अपने संबंधित जिले/प्रखण्ड के बेहतरीन शिक्षकों को ToB से जोड़ना एवं उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहना
- शिक्षकों की क्षमता का पहचान कर उन्हे अवसर उपलब्ध कराना
- जिले/प्रखण्ड में शिक्षकों के नवाचारी गतिविधियों को ToB से साझा करना
- शिक्षकों के कार्यों को समय-समय पर प्रेस मीडिया को भेजना
- हर माह अपने जिले/प्रखण्ड के शिक्षकों की ऑनलाइन मीटिंग करना
- संबंधित जिले/प्रखण्ड के समस्त पदाधिकारियों के साथ संपर्क में रहना
- उपरोक्त के अलावे कोई अन्य समस्त कार्य जिससे जिले/प्रखण्ड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मॉडरेटर एवं डिस्ट्रिक्ट मेन्टर/ब्लॉक मेन्टर के रूप में कार्य करने वाले शिक्षकों को क्या अतिरिक्त मानदेय या कोई राशि मिलती है?**

उत्तर:- नहीं, यहाँ किसी प्रकार की कोई भी राशि अथवा मानदेय किसी भी व्यक्ति अथवा शिक्षक को नहीं दी जाती है। इसके अलावे किसी भी प्रकार का चन्दा अथवा डोनेशन किसी से लिया भी नहीं जाता है। यहाँ सभी शिक्षक सिर्फ एक दान देते हैं और वो है 'समय दान'।

**प्रश्न:- किस विडिओ अथवा फोटो को फेसबुक पेज पर प्रमुखता से लगाया जाता हैं?**

उत्तर:- Facebook पेज पर फोटो अथवा विडिओ सिलेक्शन हेतु दो अलग-अलग टीम का निर्धारण किया गया है। फोटो के लिए 'फोटो ऑफ थे डे' टीम एवं विडिओ के लिए 'विडिओ ऑफ थे डे' टीम। दोनों टीम टीचर्स ऑफ बिहार के फेसबुक ग्रुप https://www.facebook.com/groups/teachersofbihar/ एवं कुटुंब एप https://kutumb.app/teachers-of-bihar पर आए हुए उत्कृष्ठ वीडियोज़ का प्रतिदिन सिलेक्शन करते हैं उसके उपरांत उसको समस्त प्लेटफॉर्म पर पब्लिश करते हैं।

Teachers of Bihar

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार' पर किसी अन्य व्यक्ति का यूट्यूब का लिंक अथवा यूट्यूब विडिओ पोस्ट किया जाता है? अगर नहीं तो क्यूँ?**

उत्तर:- नहीं, यहाँ यूट्यूब लिंक एवं यूट्यूब वीडियोज़ स्वीकार नहीं किए जाते। इसका कारण टीचर्स ऑफ बिहार का अपना सिद्धांत है जिसके अंतर्गत निम्न बातें आती हैं –

1. आजकल अधिकतर यूट्यूब चैनल को monetize किया जाता है। ये पहचानना बहुत मुश्किल है की कौन चैनल monetize है और कौन नहीं।
2. दूसरे व्यक्ति द्वारा निर्मित और monetize चैनल का प्रमोशन ToB द्वारा किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाता क्योंकि आपको ज्ञात है कि उसके प्रमोशन से प्राप्त पैसा संबंधित चैनल निर्माणकर्ता को प्राप्त होता है जिसका ToB से कोई लेना-देना नहीं है।
3. किसी भी विज्ञापन एवं वित्तीय प्रमोशन का कार्य ToB द्वारा नहीं किया जाता।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिदिन ज्ञानकोष के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पोस्टर साझा किए जाते हैं। ये पोस्टर निर्माण करने वाली टीम कौन है और किस प्रकार कार्य करती है?**

उत्तर:- जैसा की आप पूर्व परिचित है की टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रमुख कार्य बिहार के शिक्षकों के क्षमता संवर्धन एवं उनके गुणों की पहचान कर उनको उचित प्लेटफॉर्म प्रदान करना है ताकि उनके सकारात्मक कार्यों की रोशनी पूरे विश्व में प्रकाशित हो। इसी के अंतर्गत पोस्टर निर्माण करने वाली टीम भी बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की हैं जिन्होंने पोस्टर के माध्यम से पूरे भारत को विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों, कार्यों एवं अलग-अलग विषयों पर पोस्टर बनाने की जिम्मेवारी ली है। इनका कार्य पूरे तरीके से वर्चुअल होता है जिसमें समय-समय पर शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जाने वाले योजनाओं, कार्यक्रमों एवं सीखने-सीखने के विभिन्न आयामों पर कार्य करती है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के द्वारा प्रतिदिन फोटो ऑफ द डे एवं वीडियो ऑफ द डे का चयन किया जाता है यह कैसे, किस आधार पर और किसके द्वारा किया जाता है?**

उत्तर:- फोटो ऑफ द डे एवं वीडियो ऑफ द डे कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों-हजारों की संख्या में शिक्षकों द्वारा अपलोड किए जाने वाले फ़ोटोज़ एवं वीडियोज़ में से बेहतरीन चार फोटो एवं एक विडिओ का चयन विद्यालय के नाम,प्रखण्ड,जिला एवं शिक्षक के नाम के साथ किया जाता है एवं उसे ToB के सभी प्लेटफॉर्म पर एक साथ

Teachers of Bihar

साझा किया जाता है। इस चयन के कार्य हेतु शिक्षकों के एक समर्पित टीम कार्य करती है। फोटो ऑफ द डे एवं वीडियो ऑफ द डे में चयन के कई मापदंड होते है जो निम्न है-

"फोटो ऑफ द डे" और "वीडियो ऑफ द डे" का चयन करते समय कई मापदंडों को ध्यान में रखा जाता है. इन मापदंडों में से कुछ निम्नलिखित हो सकते हैं:

- **उम्दा तस्वीर गुणवत्ता:** एक अच्छी फोटो या वीडियो की पहचान का पहला मापदंड उसकी गुणवत्ता होती है. यह शामिल कर सकता है - रंग, तीव्रता, रेखा-बिंदु, और अन्य विजुअल संरचना।
- **दृष्टि आकर्षण:** एक अच्छी फोटो या वीडियो का चयन व्यक्ति की दृष्टि को आकर्षित करने में सक्षम होता है। यह व्यक्ति को किसी खास तत्व की ओर मोहित कर सकता है।
- **रचना:** एक उत्कृष्ट छवि या वीडियो की सांगठन और रचना उसकी महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक होती है। यह यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि दृश्य सुरक्षित और स्वाभाविक है।
- **कथा या संदेश:** फोटो या वीडियो में कोई कथा या संदेश होना चाहिए जो दर्शकों को स्पर्श करता है और उन्हें आकर्षित करता है।
- **आदर्श समय और स्थान:** अगर फोटो या वीडियो में समय और स्थान का अच्छा उपयोग हुआ है, तो वह उसे और भी दिलचस्प बना सकता है।
- **आत्म-व्यक्ति और आत्म-रचनात्मकता:** एक श्रेष्ठ छवि या वीडियो को चयन करते समय, आत्म-व्यक्ति और आत्म-रचनात्मकता की भावना को ध्यान में रखा जा सकता है। यह दृश्य की अनुभूति को विशेष बना सकता है।

ये मापदंड अलग-अलग संदर्भों और प्रतिस्थानों के आधार पर बदल सकते हैं लेकिन सामान्यत: इन्हें एक सुंदर और प्रभावी चित्र या वीडियो की पहचान के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की टीम के द्वारा प्रकाशित होने वाली ऑनलाइन दैनिक, मासिक एवं वार्षिक पत्रिका एवं डॉक्यूमेंट कौन-कौन से हैं?**

उत्तर:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की टीम के द्वारा प्रकाशित होने वाली ऑनलाइन दैनिक, मासिक एवं वार्षिक पत्रिका एवं डॉक्यूमेंट निम्न है-

दैनिक निकलने वाले डॉक्यूमेंट:

1. दैनिक ज्ञानकोष
2. चेतना

मासिक निकलने वाले डॉक्यूमेंट:

Teachers of Bihar

1. बालमंच
2. बालमन
3. दिवसज्ञान

वार्षिक निकलने वाले डॉक्यूमेंट:

1. ज्ञानदृष्टि
2. टीचर्स ऑफ बिहार ई-मैगजीन

**प्रश्न:-'टीचर्स ऑफ बिहार'का वेबसाइट किसके द्वारा संचालित किया जाता है?**

उत्तर:- ToB वेबसाईट का निर्माण बिहार के सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवेन्द्र प्रकाश सुमन द्वारा किया गया है इनके द्वारा वेबसाईट के सफल संचालन हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। वर्तमान में इनके दिशा-निर्देश में वेबसाईट का संचालन टीचर्स ऑफ बिहार टेक्निकल टीम द्वारा होता है।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'के वेबसाइट पर किस-किस प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई गई है?**

उत्तर:- टीचर्स ऑफ बिहार के वेबसाईट www.teachersofbihar.org पर कई प्रकार की जानकारियाँ उपलब्ध हैं जो निम्न है-

- टीचर्स ऑफ बिहार के टीम की संबंधित जानकारी
- आइडियास और इनिश्यटिव
- पब्लिकेशन
- न्यूज और इवेंट्स की जानकारी
- एजुकेशनल इनिश्यटिव की जानकारी
- फोटो और न्यूज गैलरी
- टीचर्स ऑफ बिहार के अन्य प्लाटफॉर्म्स और वेबसाईट से संबंधित जानकारी
- संपर्क सूत्र

**प्रश्न: टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा किस वेबसाईट पर शिक्षकों/अन्य व्यक्तियों के स्वरचित रचनाओं का ऑनलाइन प्रकाशन मुफ़्त में किया जाता हैं?**

उत्तर: टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षकों एवं अन्य व्यक्तियों के स्वरचित कविताओं को https://padyapankaj.teachersofbihar.org/ , कहानियों को

Teachers of Bihar

https://gadyagunjan.teachersofbihar.org/ एवं आलेखों एवं अन्य रचनाओं को https://teachersofbihar.blogspot.com/ पर निःशुल्क में प्रकाशित करता है।

**प्रश्न:- पद्य पंकज/गद्य गुंजन/ब्लॉग पर किस प्रकार की रचनाएं प्रकाशित की जाती हैं?**

उत्तर:- पद्य पंकज/गद्य गुंजन/ब्लॉग पर शिक्षकों एवं शिक्षा के अन्य हितधारकों के शैक्षिक स्वरचित मौलिक रचना जैसे कविता, कहानी, आलेख, संस्मरण आदि प्रकाशित की जाती है।

**प्रश्न:- पद्य पंकज/गद्य गुंजन/ब्लॉग पर बिहार के शिक्षक अपनी स्वरचित गद्य एवं पद्य से संबंधित रचनाओं को स्वयं प्रकाशित करते हैं या टीम के द्वारा प्रकाशित किया जाता है?**

उत्तर:- पद्य पंकज एवं गद्य गुंजन वेबसाईट पर शिक्षक अपनी रचनाओं का प्रकाशन स्वयं कर सकते हैं परंतु ब्लॉग पर रचनाओं का प्रकाशन टीचर्स ऑफ बिहार टीम के द्वारा किया जाता है।

**प्रश्न:- पद्य पंकज/गद्य गुंजन/ब्लॉग पर बिहार के शिक्षकों के द्वारा किस प्रकार के स्वरचित गद्य एवं पद्य से संबंधित रचनाओं को प्रकाशित किया जाता है?**

उत्तर:- उत्तर:- टीचर्स ऑफ बिहार के वेबसाईट पद्य पंकज https://padyapankaj.teachersofbihar.org/ एवं गद्य गुंजन https://gadyagunjan.teachersofbihar.org/ पर शिक्षक अपनी स्वरचित रचनाओं का प्रकाशन निम्न तरीके से कर सकते हैं-

**कविता प्रकाशन के लिए**

1. सर्वप्रथम https://padyapankaj.teachersofbihar.org/ विज़िट करें
2. उसके उपरांत वेबसाईट पर 'स्वरचित कविता का प्रकाशन' टैब का सिलेक्शन करें।
3. अपना नाम, अपना ईमेल, कविता का टाइटल, पोस्ट टैग लगाएं।
4. अपने विद्यालय या संस्थान का नाम लिखें
5. कैटेगरी का चुनाव करें
6. अपनी कविता को कॉपी पेस्ट करें।
7. अपना फोटो लगाएं, टर्म कंडीशन एक्सेप्ट करें और सबमिट कर दें।

**कहानी प्रकाशन के लिए**

1. सर्वप्रथम https://gadyagunjan.teachersofbihar.org/ विज़िट करें।
2. उसके उपरांत वेबसाईट पर 'स्वरचित कहानी का प्रकाशन' टैब का सिलेक्शन करें।

Teachers of Bihar

3. अपना नाम, अपना ईमेल, कविता का टाइटल, पोस्ट टैग लगाएं।
4. अपने विद्यालय या संस्थान का नाम लिखें
5. कैटेगरी का चुनाव करें
6. अपनी कहानीको कॉपी पेस्ट करें।कहानिओ
7. अपना फोटो लगाएं, टर्म कंडीशन एक्सेप्ट करें और सबमिट कर दें।

**ब्लॉग प्रकाशन के लिए**

ब्लॉग प्रकाशन के लिए टीचर्स ऑफ बिहार के व्हाट्सप्प ग्रुप https://chat.whatsapp.com/Gs9rcnCP1bYH0pMdJh2UF5 से जुड़ें एवं अपनी रचनाओं को ग्रुप में भेजें।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की न्यूज़ टीम कैसे कार्य करती है?**

उत्तर:- टीचर्स ऑफ बिहार न्यूज टीम का मुख्य कार्य बिहार के सरकारी विद्यालयों में सरकारी शिक्षकों के द्वारा हो रहे नवाचारों एवं सदप्रयासों को विभिन्न प्रिंट मीडिया, प्रसारण मीडिया और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पूरे देश को दिखाना है। इसी प्रयास को सफल बनाने हेतु न्यूज टीम द्वारा विभिन्न कार्य किये जाते है :

- बिहार के विभिन्न प्रिंट मीडिया, प्रसारण मीडिया और इंटरनेट मीडिया में शिक्षकों के कार्यों, नवाचारों एवं सदप्रयासों को भेजना।
- बिहार के सभी मीडिया में छपे मुख्य शैक्षिक खबर को प्रमुखता से सभी सोशल मीडिया में भेजना
- टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की खबरों को सभी मीडिया तक पहुंचाना।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की पूरी टीम के सदस्य आपस में एक दूसरे से कैसे मिलते हैं?**

उत्तर:- :- 'टीचर्स ऑफ बिहार'की पूरी टीम वर्चुअली (आभासी रूप से) एक दूसरे के साथ 24 x 7 जुड़ी रहती है साथ ही समय-समय पर विभिन्न एप जैसे ज़ूम एवं गूगल मीट के माध्यम से एक दूसरे से मिलती है।

**प्रश्न:- क्या 'टीचर्स ऑफ बिहार'किसी एक व्यक्ति के द्वारा ही संचालित हो रहा है?**

उत्तर:- नहीं, टीचर्स ऑफ बिहार का एक बहुत बड़ा समूह है जिसमें सैकड़ों की संख्या में लीडर्स/मॉडरेटर्स/मेन्टर्स हैं जो इसके समस्त कार्य को संचालित करते हैं। प्रतिदिन टीचर्स ऑफ बिहार पर कई कार्य संपादित किये जाते हैं एवं कई डाक्यमेन्ट का पब्लिकैशन भी होता है। यह संभव ही नहीं की एक व्यक्ति अथवा कुछ व्यक्ति इसके कर सकें। इस परिवार में बिहार के लिए निःस्वार्थ रूप से कार्य करने वाले शिक्षकों की एक बहुत बड़ी फौज है जो राज्य हित के लिए कार्य करती है।

Teachers of Bihar

**प्रश्नः- एक शिक्षक 'टीचर्स ऑफ बिहार' के लिए महत्वपूर्ण क्यू हैं?**

उत्तरः- "टीचर्स ऑफ बिहार" या किसी अन्य शिक्षक संगठन के लिए एक शिक्षक के लिए कई कारण महत्वपूर्ण हो सकते हैं:

1. **एकजुटता और समर्थनः** इस संगठन के सदस्य शिक्षक एक दूसरे के साथ जुड़ सकते हैं और एकदूसरे का समर्थन कर सकते हैं। यह एक सामूहिक और समृद्ध शिक्षक समुदाय की भावना पैदा कर सकता है।

2. **शिक्षा क्षेत्र में सुधारः**ऐसे संगठन शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की बातचीत का स्थान हो सकते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में अपने सदस्यों की राय और सुझाव जुटा सकते हैं।

3. **सामाजिक और सांस्कृतिक समर्थनः** इस तरह के संगठन शिक्षकों को सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों में सहयोग करने का एक मंच प्रदान कर सकते हैं।

4. **प्रोफेशनल विकासः** इसके माध्यम से शिक्षक अपने पेशेवर विकास के लिए विभिन्न स्रोतों से लाभ उठा सकते हैं, जैसे कि विभागीय ट्रेनिंग और कार्यशालाएं।

5. **शिक्षा नीतियों में शामिल होनाः** इस संगठन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा नीतियों और कानूनी मुद्दों में शामिल होने का समर्थन कर सकते हैं और अपने मामूले सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

इन कारणों से, "टीचर्स ऑफ बिहार" जैसे संगठनों में शामिल होना शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है ताकि वे एक साकारात्मक और समृद्ध शिक्षा समुदाय का हिस्सा बन सकें।

**प्रश्नः- टीचर्स ऑफ बिहार क्या शिक्षकों की गोपनीय जानकारी किसी अन्य से साझा करती है?**

उत्तरः- नहीं, ToB कभी भी शिक्षकों की गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करता। हम शिक्षकों की गोपनीयता का पूरा सम्मान करते हैं और इंटरनेट के नियमों का सख्ती से पालन करते हैं।

**प्रश्नः- अगर कोई शिक्षक/अन्य 'टीचर्स ऑफ बिहार' में कार्य करना या समय का दान देना चाहते हैं तो क्या करना होगा?**

उत्तरः- अगर कोई शिक्षक "टीचर्स ऑफ बिहार" में कार्य करना या समय देना चाहता है, तो वह निम्नलिखित कदमों को अपना सकता है:

Teachers of Bihar

1. वेबसाइट पर जाएं:

- "टीचर्स ऑफ बिहार" की आधिकारिक वेबसाइट https://www.teachersofbihar.org/ पर जाएं और उनके contact पर अपने डीटेल साझा करें। वेबसाइट पर उपलब्ध संपर्क जानकारी का उपयोग करके सीधे संगठन से संपर्क करें।

2. ईमेल करें:

- teachersofbihar@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से संपर्क करें।

3. संपर्क करें:

- 7250818080 अथवा 9650233010 पर आप व्हाट्सप्प के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। व्यक्तिगत वार्ता के लिए उपरोक्त नंबर पर 9:00 AM से 5:00 PM के बीच में फोन कर सकते हैं।

**प्रश्न:- 'टीचर्स ऑफ बिहार' के भविष्य की योजना क्या है?**

उत्तर:- टीचर्स ऑफ बिहार एक प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी है जो बिहार के शिक्षकों को जोड़ने, सहयोग करने और उनकी क्षमता वर्धन करने का काम करती है। इसके भविष्य की योजना में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता, अभिमत, दक्षता और नवाचारों को बढ़ावा देना शामिल है। इसके लिए यह विभिन्न आयोजन, प्रकाशन, प्रशिक्षण, क्विज, काव्यांजलि, ब्लॉग आदि का संचालन करती है। आप इसकी वेबसाइट www.teachersofbihar.org पर जाकर इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्न:- बिहार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए 'टीचर्स ऑफ बिहार'का क्या संदेश है?**

उत्तर:- 'टीचर्स ऑफ बिहार' का संदेश यह है कि बिहार के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अपने अनुभव, ज्ञान, विचार और नवाचारों को एक दूसरे के साथ साझा करें और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा दें। आईए मिलकर बिहार के शिक्षकों को एक मंच प्रदान करें जहां वे अपनी समस्याओं का समाधान, अपनी उपलब्धियों का सम्मान और अपनी आवश्यकताओं का समर्थन पा सकें। हम एक बदलाव का अग्रदूत के रूप में जो बिहार के शिक्षकों की छवि को सुधारने और उनकी भूमिका को मजबूत करने का कार्य करें और मिलकर अपने राज्य को भारत के समृद्ध राज्यों के रूप में आगे लाएं।

Teachers of Bihar

अगर इन प्रश्नों के अलावे आपके कोई और सुझाव अथवा शिकायत है तो कृपया हमें लिखें-

**https://teachersofbihar.org/complaint-suggestion**

Teachers of Bihar